प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.04.2026 / 15:00बजे

नारी शक्तिवंदन अधिनियम

संसद के बजट सत्र का विस्तार आज तीन दिन के विशेष सत्र के साथ शुरू हुआ। केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज लोकसभा में संविधान एक सौ इकतीसवां संशोधन विधेयक, 2026 और परिसीमन विधेयक, 2026 पेश किए। गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक, 2026 पेश किया। विधेयकों को पेश करते हुए केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस दिन को ऐतिहासिक बताया और कहा कि सरकार महिलाओं को राजनीतिक न्याय दिलाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि संविधान (एक सौ इकतीसवां संशोधन) विधेयक, 2026 महिलाओं के लिए समानता सुनिश्चित करेगा।

केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सभी सदस्यों से इस बिल को सर्वसम्मति से पास करवाकर महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने में सहयोग का आग्रह किया।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर बोल रहे हैं। आकाशवाणी /

....

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि देश की सत्ता और राजनीति में महिलाओं की भागीदारी आने वाले समय में और सशक्त होगी, जिसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम अहम भूमिका निभाएगा। आज धर्मशाला में आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं को निर्णय लेने की मुख्यधारा में लाने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं। बिंदल ने कहा कि पहले इस दिशा में अपेक्षित प्रयास नहीं हुए, लेकिन अब महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है और नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसी सोच का परिणाम है,। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं व पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

....

कांग्रेस बैठक

प्रदेश कांग्रेस की नई कार्यकारिणी के गठन के बाद प्रदेश कार्यसमिति की पहली बैठक आज पार्टी मुख्यालय राजीव भवन शिमला में आयोजित की जा रही है। बैठक में संगठन की मजबूती और सरकार

के साथ बेहतर तालमेल और आगामी पंचायत चुनाव को लेकर जमीनी स्तर पर संगठन की मजबूती को लेकर रणनीति तैयार की जाएगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार की अध्यक्षता में आायोजित इस बैठक में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल विशेष रूप से मौजूद रही। इस दौरान रजनी पाटिल ने कहा कि हिमाचल कांग्रेस में 'एक व्यक्ति–एक पद' के सिद्धांत को सख्ती से लागू किया जाएगा। उन्होंनें कहा कि जो नेता सरकार में हैं, वे संगठन का पद नहीं रखेंगे और जो संगठन में हैं, उन्हें सरकार में पद नहीं मिलेगा। रजनी पाटिल ने कहा कि इससे नए कार्यकर्ताओं को मौका मिलेगा और संगठन में जवाबदेही तय होगी।

बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उप मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक दल के कई सदस्य, जिला अध्यक्ष, अग्रणी संगठनों के प्रमुख और नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। पीटीसी/योगराज

....

मौसम

प्रदेश के अधिकांश इलाकों में आज तेज धूप निकलने से तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि मौसम विज्ञान केंद्र ने आज रात से पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते मौसम में बदलाव की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक शोभित कटयार ने बताया कि विभाग ने 17 से 19 अप्रैल तक कुल्लू, कांगड़ा, मंडी और चंबा की ऊंची चोटियों पर हिमपात व ओलावृष्टि जबकि निचले क्षेत्रों में बारिश की संभावना जताई गई है। उन्होंने बताया कि कुछ क्षेत्रों में सामान्य से अधिक वर्षा हो सकती है जबकि राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में मानसून के कमजोर रहने का अनुमान है।

....

जनगणना–2027

देश के कई राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में जनगणना 2027 के पहले चरण के अंतर्गत घर–घर जाकर मकानों का सूचीकरण और मकानों की गणना का काम आज से शुरू हो गया है। यह अभियान अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, गोवा, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मिजोरम, ओडिशा, सिक्किम, नई दिल्ली, नगर पालिका और दिल्ली छावनी बोर्ड के क्षेत्रों में आज से हो रहा है। यह अभियान 15 मई तक चलेगा। इस दौरान प्रगणक घर–घर जाकर लोगों से आंकड़े जुटाएंगे।

गृह मंत्रालय ने बताया है कि पहली बार शुरू की गई स्व–गणना सुविधा से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। लगभग 12 लाख परिवारों ने सफलतापूर्वक अपनी जानकारी ऑनलाइन जमा की है। जिन निवासियों ने अपनी स्व–गणना पूरी कर ली है उन्हें सलाह दी जाती है कि प्रगणक के पहुंचने पर वे उन्हें अपना स्व–गणना आईडी दिखाएं। जिन लोगों ने स्व–गणना का विकल्प नहीं चुना वे सीधे प्रगणक को संबंधित जानकारी दे सकते हैं।

....

प्रधानमंत्री – विशेष सत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कहा कि देश की माताओं और बहनों का सम्मान करना ही राष्ट्र का सम्मान करना है और देश इसी भावना के साथ दृढ़तापूर्वक इस दिशा में आगे बढ़ रहा है।

....

राज्यसभा –शपथ ग्रहण

राज्यसभा के सभापति सी.पी राधाकृष्णन ने आज नव–निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में हिमाचल प्रदेश से हाल ही में नव–निर्वाचित सांसद अनुराग शर्मा सहित 16 अन्य सदस्य शामिल हैं।

....